

दैनिक

# जागो वर्ल्ड

www.dainik jago world news .in

सजग,सटीक ,निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक



आज का विचार

किसी के चेहरे की मुस्कुराहट की वजह ही बनो खुशी ही नहीं सुकून भी मिलेगा।

RNI No. : HPHIN/2015/64797 .शिमला / ऊना ,वर्ष 11 .अंक 128 .कुल पृष्ठ -08 . 22 जनवरी 2026 .मूल्य 5 रुपए

Shimla,Mandi,Kullu.Chamba,Hamirpur,Bilaspur,Kangra,Sirmour,Lahol-spiti,Una,Solan,Kinnour,Delhi,Hariyana,J&K,Punjab


## 26 की उम्र में विधायक से 45 में भाजपा अध्यक्ष तक: नितिन नवीन का सियासी सफर और पीढ़ीगत बदलाव का संदेश

**जागो वर्ल्ड / नई दिल्ली**



नितिन नवीन मंगलवार को बीजेपी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए। भाजपा की युवा इकाई में शामिल होने के बाद 26 साल की उम्र में विधायक और अब 45 साल की उम्र में भाजपा अध्यक्ष बनने तक का नितिन नवीन का राजनीतिक सफर किसी कहानी की तरह रहा है। नितिन नवीन की पदोन्नति भाजपा में एक पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक भी है। 45 साल के नितिन नवीन 46 साल की बीजेपी की कमान संभालेंगे। नवीन ने जेपी नड्डा की जगह ली है, जो 2020 से अध्यक्ष पद पर थे। इससे पहले कायस्थ समुदाय से आने वाले नवीन को 14 दिसंबर को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। एक दिलचस्प संयोग यह भी है कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 में हुई थी और उसी साल नवीन का जन्म भी हुआ था। आम तौर पर चर्चा से दूर रहने वाले नवीन बिहार से पांच बार विधायक रह चुके हैं और राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री भी रहे हैं। नवीन को उनके पिता और पार्टी के दिग्गज नेता नवीन किशोर सिन्हा के निधन के कारण खाली हुई पटना पश्चिम विधानसभा सीट से महज 26 साल की उम्र में चुनाव मैदान में उतारा गया था। तब से लेकर लगभग दो दशकों में नवीन बांकीपुर से लगातार जीत के बाद पांच बार विधायक रह चुके हैं। नवीन को राजनीति में कदम रखने के लिए अपनी पढ़ाई बीच में ही छोडऩी पड़ी थी। शुरुआती दौर में उन्हें राजनीति के लिहाज से बाहरी व्यक्ति के रूप में देखा जाता था। सरल स्वभाव वाले नवीन ने कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के साथ ही तेजी से काम शुरू कर दिया था, जिन्हें इस साल तमिलनाडु, केरल और असम सहित कई विधानसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व करना होगा। नवीन चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल करने के लिए जाने जाते हैं, जिसकी शुरुआत 2006 में हुए पहले उपचुनाव से हुई थी, जिसमें उन्होंने लगभग 60,000 वोटों से जीत दर्ज की थी। नवीन ने हालिया चुनाव में 51,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की। नवीन का विवाह दीपमाला श्रीवास्तव से हुआ है और उनके एक बेटा और एक बेटी है।

### राजनीति में आने के लिए बीच में छोडऩी पड़ी थी पढ़ाई

### पाच बार रह चुके हैं विधायक

भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष और राष्ट्रीय महामंत्री रहे 2006 में पहली बार विधायक का चुनाव जीता लगातार 2010, 2015, 2020 और 2025 में भी विधायक चुने गए| नौ फरवरी, 2021 को पहली बार बिहार सरकार में सडक़ एवं परिवहन मंत्री बने| बिहार सरकार में नगरीय विकास और आवास मंत्री, पीडब्ल्यूडी मंत्री भी रहे पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भाजपा प्रभारी और पर्यपेक्षक के रूप में काम किया|

## ग्रीनलैंड और कनाडा को अमेरिका का हिस्सा दिखाने वाले नक्शे से ट्रंप ने खड़ा किया नया विवाद

**जागो वर्ल्ड /वाशिंगटन डीसी**




अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताजा विवाद खड़ा करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक विवादित पोस्ट डाली है। उन्होंने व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस से एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह एक नक्शा दिखा रहे हैं। उस नक्शे में वेनेजुएला, कनाडा और ग्रीनलैंड को अमरीका के रंग और अमरीकी झंडे के साथ दिखाया गया है, जैसे ये सभी अमरीका के इलाके हों। नक्शा पोस्ट करने के कुछ ही मिनट बाद ट्रंप ने एक और तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में वह ग्रीनलैंड में अमरीकी झंडा लगाते हुए नजर आ रहे हैं। यह पोस्ट ऐसे समय आई है, जब ग्रीनलैंड को लेकर अमरीका और यूरोपीय देशों के बीच तीखी बयान बाजी चल रही है। ट्रंप पहले भी ग्रीनलैंड को अमरीका के नियंत्रण में लाने की बात कर चुके हैं और इससे यूरोपीय देशों और नाटो देशों में चिंता और आलोचना बढ़ी है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकार ने कहा है कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है और वे अपने निर्णय खुद लेंगे। उधर, अपने टेन्योर की शुरुआत से ही ट्रंप ने कनाडा को अमरीका का 51वां राज्य बनाने का प्रस्ताव रखा था। कनाडा सरकार ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। बात वेनेजुएला की करें, तो साल की शुरुआत में ही अमरीकी विशेष बलों ने वेनेजुएला में ऑपरेशन कर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यूयार्क उठा ले गए। इसके बाद ट्रंप ने दावा किया कि अमरीका अब वेनेजुएला को चलाएगा और वहां के तेल संसाधनों पर अमरीकी कंपनियों का नियंत्रण होगा।

## गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं पीएम, राहुल गांधी का हमला,



**जागो वर्ल्ड/ रायबरेली**

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों और मजदूरों के स्वाभिमान व रोजगार के अधिकार से जुड़ा कार्यक्रम है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पावर अपने हाथ में लेना चाहते और गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं। मनरेगा का नाम बदला गया है, यह करके अपमान किया गया है। इससे भी बड़ी बात है कि गरीब जनता को जो सुरक्षा दी गई थी, उसे हटा दिया गया है। एक तरफ हम जनता की रक्षा कर रहे हैं, दूसरी तरफ पीएम मोदी पूरा का पूरा धन खींचकर अंबानी अडानी को दिलवा रहे हैं।

## आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को लगाई फटकार

**जागो वर्ल्ड / नई दिल्ली**



आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत को लेकर जो टिप्पणियां की हैं, वह न्यायालय की अवमानना है। कोर्ट ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उनसे यह भी पूछा है कि जब वह केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने कुत्तों को लेकर कितना बजट उपलब्ध करवाया था। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बैंच के सामने मंगलवार की सुनवाई में मेनका गांधी की तरफ से भी पक्ष रखा गया। उन्होंने कुत्तों की बेहतर देखभाल, जनसंख्या नियंत्रण और एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता जैसे सुझाव दिए। इस दौरान कोर्ट ने उनके वकील को आड़े-हाथों लेते हुए कहा कि हमने आपके क्लाइंट के पॉडकास्ट देखे हैं। उसमें कोर्ट के प्रति किस तरह की भाषा और बॉडी लैंग्वेज का इस्तेमाल हो रहा है, यह भी देखा है। इन बातों को अवमानना के तौर पर देखा जा सकता है। हमारी उदारता है कि हम इस बारे में कुछ नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने यह सवाल भी किया कि जिस तरह के सुझाव उन्हें दिए जा रहे हैं, उनकी मुवक्किल ने केंद्रीय मंत्री रहते कुत्तों को लेकर कितना बजट उपलब्ध करवाया।

## US से दावोस जा रहे ट्रंप के विमान में तकनीकी खराबी, बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा

**जागो वर्ल्ड / दावोस**



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका से स्विट्जरलैंड के दावोस शहर के लिए रवाना हुए, जहां वह विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) 2026 में अपना मुख्य भाषण देने वाले हैं लेकिन विमान एयर फोर्स वन में बीच रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद उड़ान भरने के तुरंत बाद एंड्रयूज जॉइंट बेस पर वापस लौटना पड़ा। टेक ऑफ के बाद वायुसेना के विमान द्वारा इलेक्ट्रिक समस्या की पहचान की गई। उड़ान भरने के बाद, A F 1 के चालक दल ने एक मामूली विद्युत समस्या का पता लगाया। एहतियात के तौर पर, A F 1 जॉइंट बेस एंड्रयूज लौट रहा है। विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप और उनका दल एक अलग विमान में सवार होकर स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होंगे। आधुनिक एयर फ़ोर्स वन बेड़े की शुरुआत से ही, बोइंग संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति का समर्थन करने के मिशन के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए विमानों की आपूर्ति कर रहा है। दूसरे विमान से उड़ान भरन के बाद वह दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की अपनी यात्रा को टालेंगे नहीं ब्लकि जारी रखेंगे। ग्रीनलैंड को लेकर यूरोपीय संघ में अमेरिकी सहयोगियों को धमकी देने में कई दिन बाद ट्रंप को दावोस में एक तत्काल राजनयिक हस्तक्षेप का सामना करना पड़ सकता है। शीर्ष यूरोपीय अधिकारी इस सप्ताह के वार्षिक शिखर सम्मेलन का उपयोग उस संकट को टालने के लिए एक मंच के रूप में करने की योजना बना रहे हैं जिसने पूरे महाद्वीप को तनाव में डाल दिया है। जब ट्रंप के करीबी लोगों में से कुछ ने भी राष्ट्रपति की बयानबाजी पर निजी तौर पर आशंका व्यक्त की है और उनसे अलग होने का रास्ता तलाश रहे हैं।

## कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 1000 अंक टूटा, निवेशकों को 11.5 लाख करोड़ का झटका

**जागो वर्ल्ड/मुंबई**





कमजोर वैश्विक संकेतों, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और रुपए पर बने दबाव के कारण मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,000 अंक से ज्यादा टूट गया, जबकि निफ्टी में भी साढ़े तीन सौ अंकों से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। आईटी, रियल एस्टेट और ऑटो सेक्टर के शेयरों में भारी दबाव के चलते बाजार चौतरफा कमजोरी के साथ बंद हुआ। बीएसई पर सेंसेक्स 1,065.71 अंक यानी करीब 1.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह और भी नीचे फिसल गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूच कांक निफ्टी भी भारी दबाव में रहा और 350 अंकों से ज्यादा टूटकर बंद हुआ। बाजार में आई इस तेज गिरावट की मुख्य वजह आईटी शेयरों में कमजोरी, रियल एस्टेट और ऑटो सेक्टर में बिकवाली के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और विदेशी पूंजी की निकासी मानी जा रही है। बाजार में जारी गिरावट के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के निवेशकों की संपत्ति को बड़ा झटका लगा। दिनभर के कारोबार में बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब नौ लाख करोड़ रुपए घट गया। पिछले दो दिन में सेंसेक्स 1300 से ज्यादा अंक नीचे आ चुका है, जिसकी वजह से दो दिनों में निवेशकों को 11.50 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। यह गिरावट साल की शुरुआत से जारी कमजोरी को और गहरा करती है। वर्ष की शुरुआत से अब तक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियां कुल मिलाकर 20 लाख करोड़ से अधिक के मार्केट कैप का नुकसान झेल चुकी हैं।

### डॉलर के मुकाबले 91 के पार पहुंचा रुपया

**मुंबई।** भारतीय रुपया मंगलवार को एक डॉलर के मुकाबले 91 के ऑल टाइम लो पर पहुंच गया। मंगलवार को रुपया डालर के मुकाबले 90.93 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान 91.01 के रिकार्ड निचले स्तर तक गिर गया। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक स्तर पर बढ़ते व्यापारिक तनाव की वजह से रुपया में यह गिरावट देखी जा रही है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है।

## असम के कोकराझार में सड़क हादसे के बाद सांप्रदायिक हिंसा, एक की मौत, इंटरनेट सेवाएं बंद



**जागो वर्ल्ड - कोकराझार**

असम के कोकराझार में सोमवार की रात हुई एक कार दुर्घटना के बाद वहां सांप्रदायिक तनाव फैल गया, जो मंगलवार को खूनी हिंसा में बदल गई। मंगलवार को कथित तौर पर बोडो और आदिवासियों के बीच भडक़ी हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद इलाके में तनाव गहरा गया, अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात कोकराझार थाने के अंतर्गत करीगांव चौकी क्षेत्र में मानसिंह रोड पर तीन बोडो लोगों को ले जा रहे एक वाहन से दो आदिवासी व्यक्तियों को टक्कर लग गई। इसके बाद आदिवासी ग्रामीणों ने तीनों बोडो लोगों के साथ मारपीट की और वाहन को आग लगा दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गृह विभाग ने अगले आदेश तक पूरे जिले में सभी मोबाइल सेवा प्रदाताओं की इंटरनेट/ मोबाइल डेटा सेवा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

## बिलासपुर आरएलए में फर्जीवाड़े का पर्दाफाश, दिल्ली क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, कर्मचारी हिरासत में

**जागो वर्ल्ड - बिलासपुर**

बिलासपुर में एसडीएम ऑफिस की रजिस्ट्रेशन ऑफ लाइसेंसिंग अथॉरिटी (आरएलए) इस समय दिल्ली क्राइम ब्रांच की जांच के दायरे में आ गई है। सेकंड और थर्ड हैंड गाडिय़ों की सेल-परचेज व सेकंड हैंड को फस्ट्र हैंड दर्शाकर आरएलए में रजिस्टर्ड करने और वीआईपी नंबर आबंटन में गड़बड़ी की आशंका को लेकर दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने बिलासपुर पहुंचकर उपायुक्त कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है और रिकार्ड साथ लेकर अपने साथ दिल्ली ले गई है। बताया जा रहा है कि सेकंड हैंड गाडिय़ों को फस्ट्र हैंड दर्शाकर रजिस्टर्ड किया गया है और दिल्ली क्राइम ब्रांच ने चोरी के लिए इस्तेमाल की गई गाड़ी को ट्रेस किया है, जो कि बिलासपुर आरएलए में रजिस्टर्ड है। इस मामले का पटाक्षेप होने पर हडक़ंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार क्राइम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार किया गया वर्तमान में उपायुक्त कार्यालय में बतौर सीनियर असिस्टेंट कार्यरत कर्मचारी कुछ समय पहले सदर बिलासपुर एसडीएम कार्यालय की आरएलए ब्रांच में डीलिंग हैंड पद पर कार्यरत था। अहम बात यह है कि दिल्ली क्राइम ब्रांच ने कई ऐसी गाडिय़ों को पकड़ा है, जो कि चोरी के लिए इस्तेमाल की गई हैं। इनमें से इक्का दुक्का गाडिय़ां बिलासपुर आरएलए ब्रांच में रजिस्टर्ड हैं।

## लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से की शिष्टाचार भेंट

**जागो वर्ल्ड / शिमला**



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने राज्यपाल को शहरी विकास और लोक निर्माण विभाग की विभिन्न विकासात्मक पहलों की विस्तारपूर्वक जान कारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश के लिए विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं मदों के माध्यम से करीब 5400 करोड़ की राशि विकास योजनाओं हेतु सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में प्रदेश के सडक़ नेटवर्क में लगभग 1600 किलोमीटर की महत्त्वपूर्ण वृद्धि की गई है। नतीजतन दूर- दराज के ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था मजबूत हुई है।

## केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर व्यापक विचार मंथन किया

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरों रिपोर्ट



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को आयोजित की गई इस मौके पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा ने बैठक की अध्यक्षता की जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा बलवंत ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान किसान मोर्चा के पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने भी भाग लिया। इस मौके पर केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर व्यापक विचार मंथन किया गया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की त्रुटियों को दूर करते हुए इस अधिनियम को संशोधित करके लाया जा रहा है जिसका हिंदुस्तान के मजदूर वर्ग को अधिक लाभ मिलने वाला है। इसके अतिरिक्त अब इस अधिनियम के तहत किसानों को भी पहले से अधिक फायदा होगा। उन्होंने कांग्रेस द्वारा इस अधिनियम को लेकर की जा रही बयान बाजी पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल मात्र अपनी लगातार खिसकती राजनीतिक जमीन को बचाने के लिए विरोध करके अपने आप को बनाए रखने का प्रयास कर रही है। अन्यथा कांग्रेस के लोग भी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो नया अधिनियम लाया जा रहा है वह हर वर्ग के लिए फायदेमंद साबित होने वाला है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस द्वारा इस अधिनियम के खिलाफ किया जा रहे प्रदर्शनों पर भी पलटवार किया। बलवंत ठाकुर ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार अपने 3 साल के कुशासन को छुपाने के लिए इस अधिनियम का विरोध कर रही है। हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस से उसकी एक भी गारंटी के बारे में नहीं पूछे, केवल ध्यान भटकने के लिए ही कांग्रेस द्वारा ऐसे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। लेकिन अब कांग्रेस की दाल गलने वाली नहीं है।

## भाजपा किसान मोर्चा जिला ऊना के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राणा एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की बैठक

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरों रिपोर्ट

भाजपा किसान मोर्चा जिला ऊना के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राणा एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के उपरांत संगठन के विस्तार एवं मजबूती को ध्यान में रखते हुए जिला किसान मोर्चा में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई।किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी वरुण मेहन ने जारी जानकारी में बताया कि संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विक्रम सिंह एवं संजीव ठाकुर को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जिला किसान मोर्चा के साथ जोड़ा गया है। दोनों को संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त नवदीप सिंह ठाकुर को सचिव का कार्यभार सौंपा गया है। उनसे संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ करने की अपेक्षा जताई गई है। मीडिया प्रभारी ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी किसानों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे तथा संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि किसान मोर्चा द्वारा किसानों की समस्याओं के समाधान, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के प्रचार- प्रसार तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नई नियुक्तियों से संगठन को और अधिक गति मिलने की उम्मीद है। वरुण मेहन ने स्पष्ट किया कि ये सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं और नवनियुक्त सदस्यों से संगठनात्मक अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा की गई है।

## दौलतपुर चौक - करटोली ( पंजाब ) नई रेल लाइन पर डीज़ल लोकोमोटिव ( इंजन ) चला किया ट्रायल रन

जागो वर्ल्ड - दौलतपुर / ज्योति स्याल



ज़िला ऊना के सीमावर्ती क्षेत्र दौलतपुर चौक से आगे पंजाब के करटोली तक रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में बीते कल मंगलवार को डबल्यू. डी . जी. 4 जी. नामक डीज़ल लोकोमोटिव ( इंजन ) चलाकर ट्रायल रन किया गया हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक़ ये ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। जैसे ही डीज़ल इंजन की आवाज़ रेलवे लाइन के आसपास रहने वाले सैकड़ों गावों के वासी के कानों में गूँजी लोगों में हर्षोल्लास की लहर दौड़ पड़ी और बच्चे, बूढ़े बुजुर्ग सब लोग पलक झपकते ही पटरी के किनारे खड़े होकर उत्सुकता से ट्रायल रन को देखने इकट्ठा होने लगे और कई लोगों ने अपने - अपने फ़ोनों में वीडियो और फोटो खींचकर सोशल साइट्स पर पोस्ट भी कर दिए।आपको बताते चलें कि ये नंगल डैम - तलवाड़ा रेलवे लाइन परियोजना का हिस्सा हैं। साल 2019 में दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन को शुरू किया गया था और उस समय के पूर्व रेल राज्यमंत्री रहे मनोज सिन्हा और हमीरपुर लोकसभा सीट से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हरी झंडी दिखा रेलगाड़ी को रवाना किया था। वहीं इस नई रेलवे लाइन पर इलेक्ट्रिक लोको मोटिव के रेलगाड़ी चले इसके लिए विद्युतीकरण का कार्य भी साथ- साथ चल रहा हैं। तकनीकी विभाग द्वारा पटरी के किनारे विद्युतीकरण के लिए ओ . एच. ई. यानी ओवरहेड इक्विपमेंट के पोल लगाए जा चुके हैं और अभी तारे डालने का कार्य शेष हैं। सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले तीन महीनों के भीतर दौलतपुर चौक और अंब अंदौरा तक सीमित रेलगाड़ियों का विस्तार करटोली तक हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर नंगल डैम और चंडीगढ़ जंक्शन तक सीमित कई रेलगाड़ियों के ऊना हिमाचल / अंब अंदौरा तक विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ जाएगी।

## कुटलैहड़ में विकास की नई रफ्तार विपक्ष को नहीं आ रही रास,दिनेश खत्री विधायक विवेक शर्मा के विधायक विवेक शर्मा करवा रहे कई जनहितैषी कार्य

जागो वर्ल्ड -बंगाणा/ जोगिन्दर देव आर्य



कुटलैहड़ में विकास की नई रफ्तार विपक्ष को नहीं आ रही रास , दिनेश खत्री विधायक विवेक शर्मा के विधायक विवेक शर्मा करवा रहे कई जनहितैषी कार्य, आपदा प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता, मूलभूत सुविधाओं में सुधार, घर- घर जाकर समस्याओं का कर रहे विशेष समाधान ,बंगाणा, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर हिमाचल प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं युवा कांग्रेस नेता दिनेश खत्री ने विधायक विवेक शर्मा की खुलकर सराहना की है। दिनेश खत्री ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा क्षेत्र में जनहितैषी सोच के साथ काम कर रहे हैं और आम जनता की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। दिनेश खत्री ने कहा कि कुटलैहड़ में सड़क, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी सड़कों का नवीनीकरण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को राहत मिली है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं का विस्तार किया गया है, वहीं बिजली और पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान कर विधायक विवेक शर्मा ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय दिया है। आपदा की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़े रहना किसी भी जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है, जिसे विधायक विवेक शर्मा बखूबी निभा रहे हैं। इससे जनता में विश्वास बढ़ा है और लोगों को यह महसूस हो रहा है कि उनका प्रतिनिधिहर परिस्थिति में उनके साथ है। दिनेश खत्री ने यह भी कहा कि विधायक विवेक शर्मा स्वयं घर- घर जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही उनके समाधान के प्रयास कर रहे हैं। वर्षों से लटकी हुई समस्याओं का अब समाधान हो रहा है, जिससे क्षेत्र की जनता में संतोष और सकारात्मक माहौल बना है। यह कार्यशैली बताती है कि विधायक विवेक शर्मा केवल दफ्तरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सीधे जनता से संवाद कर रहे हैं। दिनेश खत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुटलैहड़ में हो रहे विकास कार्य विपक्ष को रास नहीं आ रहे हैं। इसी कारण विपक्ष विधायक विवेक शर्मा के विकासात्मक कार्यों पर उंगली उठाकर अपनी लोक प्रियता चमकाने का प्रयास कर रहा है। दिनेश खत्री ने कहा कि जनता अब सब समझती है और विकास बनाम बयानबाजी के फर्क को भली-भांति पहचानती है। दिनेश खत्री ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में कुटलैहड़ निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्य होंगे,

## 20वें विशाल एवं ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास जोड़ मेला संतोषगढ़ में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए एससी आयोग अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान



जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरों रिपोर्ट

हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि संत श्री गुरु रविदास जी किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं थे, बल्कि उनकी शिक्षाएं सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए हैं, जो आज के आधुनिक दौर में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उन्होंने श्री गुरु रविदास के विचारों को आत्मसात कर भेदभाव- मुक्त, समरसता एवं समानता पर आधारित समाज के निर्माण का आह्वान किया तथा आशा जताई कि श्री गुरु रविदास के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज सौहार्द एवं भाईचारे के साथ निरंतर आगे बढ़ेगा। एससी आयोग अध्यक्ष बुधवार को संतोषगढ़ में आयोजित 20 वें विशाल एवं ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास जोड़ मेला में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जोड़ मेला में उपस्थित जनसमुदाय तथा मेला प्रबंधक समिति को भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जोड़ मेला केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि इसका इतिहास सामाजिक संघर्ष, चेतना और जागरूकता से भी जुड़ा हुआ है। मंदिर निर्माण एवं समाज के उत्थान के लिए संघर्ष करने वाले सभी व्यक्तियों का योगदान समाज के लिए प्रेरणादायी एवं सम्माननीय है। कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि संत श्री गुरु रविदास ने अपने जीवन में समाज से भेदभाव मिटाने और लोगों को एकजुट करने का निरंतर प्रयास किया। उनके विचार समाज को जोड़ने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और समानता का संदेश देने वाले हैं।

## भाजपा को मिला युवा ब ऊर्जावान नेतृत्व, नितिन नबीन के नेतृत्व में और सशक्त होगा संगठन, डॉ. सिकंदर कुमार

जागो वर्ल्ड -बंगाणा/ जोगिन्दर देव आर्य



प्रदेश के राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से भाजपा को एक युवा, ऊर्जावान और संगठन के प्रति समर्पित नेतृत्व प्राप्त हुआ है, जो आने वाले समय में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगा। डॉ. सिकंदर कुमार ने अपने बधाई संदेश में कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जहां बड़े पदों और बड़ी जिम्मेदारियों के लिए किसी परिवार विशेष से जुड़ा होना आवश्यक नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा में साधारण कार्यकर्ता होना ही सबसे बड़ी योग्यता मानी जाती है। इस संगठन की यही विशेषता है कि यहां सामान्य परिवार से आने वाला व्यक्ति प्रधानमंत्री बन सकता है और एक समर्पित कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे सर्वोच्च संगठनात्मक दायित्व तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है, जहां कार्यकर्ता की मेहनत, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना लाखों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देता है कि भाजपा में अवसर सभी के लिए समान हैं। डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया है। यह विश्वास पार्टी की संरचना, निर्णय प्रक्रिया और नेतृत्व निर्माण में निरंतर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि युवा नेतृत्व न केवल नई सोच और ऊर्जा के साथआता है, बल्कि बदलते समय की चुनौतियों को समझने और उनका समाधान करने में भी सक्षम होता है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नितिन नबीन का युवा नेतृत्व, उनकी संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं से गहरा जुड़ाव पार्टी को और अधिक मजबूत, संगठित और प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा देशभर में अपने संगठना त्मक विस्तार को और गति देगी तथा "सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" के मूल मंत्र को जन- जन तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाएगी। डॉ. सिकंदर ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करनानहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुशासन पहुंचाना है, और इस दिशा में नया नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. सिकंदर कुमार ने भाजपा के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भी उनके सफल, सशक्त एवं ऐति हासिक कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि नड्डा जी के अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा संगठन का अभूतपूर्व विस्तार हुआ। उनके नेतृत्व में पार्टी ने न केवल संगठनात्मक रूप से मजबूती हासिल की, बल्कि कई राज्यों में सरकारें बनाने में भी सफलता प्राप्त की। डॉ. सिकंदर ने कहा कि यह सब नड्डा जी की दूरदर्शिता, कुशल संगठनात्मक क्षमता और अथक परिश्रम का परिणाम है। उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन ने नई ऊंचाइयां छुईं और पार्टी की विचारधारा को देश के कोने-कोने तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि नड्डा जी के कार्यकाल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को जन-जन तक सशक्त रूप से पहुंचाने का कार्य हुआ, जिसके लिए पूरा संगठन उनका कृतज्ञ है। डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि नड्डा जी का योगदान भाजपा के इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा, " हम सब आपके प्रति कृतज्ञ हैं और आपके सफल कार्यकाल के लिए कोटि- कोटि अभिनंदन करते हैं। "अंत में उन्होंने विश्वास जताया वाले समय में और अधिक सशक्त होकर राष्ट्र निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करेगी।

## युवा जजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 31 को दुष्यंत चौटाला होंगे मुख्य अतिथि, बैठक की अध्यक्षता करेंगे दिग्विजय चौटाला

जागो वर्ल्ड/ कुरुक्षेत्र / अश्वनी वालिया

युवा जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश पायलट ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 31 जनवरी 2026 को युवा प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला



शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला करेंगें। पंजाबी धर्मशाला में ये बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगी। इस बैठक में संगठन विस्तार, युवाओं की भूमिका और आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन चर्चा की जाएगी। प्रदेश के युवाओं को नई दिशा और ऊर्जा देने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी।

## नेता की सरकारी गाड़ी व नेता के साथ कार्यरत कर्मियों की सोशल मीडिया में वायरल फोटोज बनी चर्चा का विषय

जागो वर्ल्ड/ज्वाली/राजेशकतनोरिया

मंगलवार को सुबह से ही कुछ फोटोज सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही हैं जिसमें एक मंत्री की सरकारी गाड़ी व उनके साथ कार्यरत कर्मी सरेआम शराब के जाम झलकाते हुए दिख रहे हैं। इस पोस्ट को लगातार वायरल किया जा रहा है। पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ने भी अपने सोशल अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा है कि कांग्रेस सरकार में अब विदेशी परिंदों की खैर नहीं, यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन। खड़ी सरकारी गाड़ी कांग्रेस नेता की है तथा उनके साथ कार्यरत कर्मी झील किनारे आग जलाकर शराब



पी रहे हैं। कई अन्य भाजपाइयों ने इन फोटोज को फेसबुक पर शेयर किया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि सरकारी गाड़ी का दुरुपयोग हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह फोटोज पौंग झील किनारे के हैं तथा वहां पर सरेआम जाम पर जाम छलकाए जा रहे हैं। सरकारी गाड़ी का दुरुपयोग चर्चा का विषय बना हुआ है।

## भाजपा के हिमाचल के पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ जेपी नड्डा से मिले जयराम ठाकुर



जागो वर्ल्ड / धर्मशाला / राकेशकुमार

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट कर उनके ऐतिहासिक, संगठनात्मक रूप से सशक्त और अत्यंत सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई दी। देवभूमि हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में पार्टी ने संगठन को मजबूती प्रदान की और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। जगत प्रकाश नड्डा के कार्यकाल में संगठन विस्तार, कार्यकर्ता सशक्तिकरण और वैचारिक दृढ़ता के नए मानदंड स्थापित हुए, जिससे पार्टी की जड़ें देशभर में और अधिक सशक्त हुईं। जयराम ठाकुर ने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा का अनुभव, मार्गदर्शन और हिमाचल की देवभूमि से जुड़ी उनकी पहचान प्रदेश सहित पूरे देश के कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

## ऑनलाइन चालानों ने लोगों की नींद हराम, पूरे कागजात होने पर भी गरामोड़ा–बघेरी में कट रहे चालान

जागो वर्ल्ड/ स्वारघाट / सुभाषचंदेल

गरामोड़ा– बघेरी क्षेत्र में ऑनलाइन चालानों की बढ़ती समस्या ने वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गाड़ियों के सभी वैध कागजात पूरे होने के बावजूद लगातार ऑनलाइन चालान कट रहे हैं, जिससे आम जनता मानसिक तनाव में है। लोगों के अनुसार आरसी, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस अपडेट होने के बाद भी मोबाइल फोन पर चालान के मैसेज आ रहे हैं। कई मामलों में दस्तावेज़ वैध होने के बावजूद सिस्टम द्वारा गलत तरीके से चालान जनरेट हो रहे हैं। स्थानीय वाहन चालकों का कहना है कि गरामोड़ा– बघेरी मार्ग पर लगे कैमरों या आरटीओ से जुड़े सिस्टम में



तकनीकी खामी के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। बताते चलें कि कुछ दिन पहले ऐसा ही मामला सामने आया था स्वाहण निवासी गुरनेतर सिंह जो कि अपनी ड्यूटी के लिए जा रहे थे उनका ऑनलाइन चालान कट गया जबकि उनकी आरसी बैध थीऔर एक ऐसा ही मामला नरेंद्र कुमार तलाई निवासी के साथ भी घटा नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से 12 जनवरी 2026 को चंडीगढ़ जा रहे थे और सुबह 9:06 पर उन्होंने जैसे ही गरा मोडा टोल प्लाजा क्रॉस किया तो उन्हें उनके मोबाइल पर ऑनलाइन चालान ड्राइविंग विदाउट इंश्योरेंस आ गया उन्होंने कहा कि उनके पास गाड़ी के सभी कागज पूरे थे उन्होंने इस मामले में सरकार से आग्रह किया है कि हमारी समस्या का समाधान किया जाए क्योंकि हमें निरंतर अपने चंडीगढ़ से गांव जाना पड़ता है पीड़ित लोगों ने प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की है कि ऑनलाइन चालान सिस्टम की तुरंत जांच करवाई जाए गलत चालानों को रद्द किया जाए आम लोगों को बेवजह परेशान होने से राहत दी जाए|

## कांग्रेस वरिष्ठ नेता दीपक भट्ट ने दी बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

जागो वर्ल्ड/ अल्मोड़ा / ब्यूरोरिपोर्ट

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक भट्ट ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों सहित समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, विद्या और नई ऊर्जा का प्रतीक है। यह पर्व समाज में सकारात्मकता, सौहार्द और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करता है। दीपक भट्ट ने मां सरस्वती से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य



और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में नई आशा, उल्लास और उन्नति लेकर आए।

## बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाए दी

जागो वर्ल्ड/ अल्मोड़ा / ब्यूरोरिपोर्ट

अल्मोड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल सिंह गैडा ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर समस्त क्षेत्र व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, विद्या, कला और संस्कृति का प्रतीक है। यह पर्व समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नई शुरुआत और आपसी



सद्भाव का संदेश देता है। मां सरस्वती से उन्होंने सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।

## चापड़ जिला पंचायत सदस्य तरुण शर्मा ग्राम लेधरा में ग्वेल देवता भंडारे में हुए शामिल



जागो वर्ल्ड/ बेतालघाट / गोविंद रावत

नैनीताल जिले के बेतालघाट विकासखंड के ग्राम लेधरा में समाजसेवी सुरेन्द्र हॉल्सी द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी न्याय के देवता ग्वेल ज्यू महाराज के मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर चापड़ जिला पंचायत सदस्य तरुण शर्मा मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने ग्वेल ज्यू महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने ग्वेल ज्यू महाराज से क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की। तरुण शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का कार्य करते हैं। भंडारे के आयोजन में ग्रामवासियों व श्रद्धालुओं का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## "हिमाचल के बेटे ने संगठन को दी नई ऊँचाई" जयराम ठाकुर ने जेपी नड्डा के ऐतिहासिक कार्यकाल को सराहा, नए अध्यक्ष का किया अभिनंदन

जागो वर्ल्ड / धर्मशाला / राकेशकुमार

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को उनके अत्यंत सफल, सशक्त और संगठनात्मक रूप से ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन प्रेषित किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की माटी के लाल नड्डा जी ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के शीर्ष पद पर आसीन होकर जिस कुशलता के साथ संगठन का संचालन किया, वह प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी, निर्णायक और प्रेरणादायी नेतृत्व में नड्डा जी का यह कार्यकाल संगठन और सरकार के बीच सशक्त समन्वय का एक उत्कृष्ट ने चुनावी राजनीति में शानदार जीत का एक बेमिसाल ट्रैक रिकॉर्ड स्थापित किया। जयराम ठाकुर ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि नड्डा जी के मार्गदर्शन में भाजपा ने न केवल सांगठनिक विस्तार किया, बल्कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी ने कठिन से कठिन चुनौतियों का दृढ़ता से सामना किया और वैचारिक रूप से अभूतपूर्व सुदृढ़ता प्राप्त की। इस कालखंड के दौरान देवभूमि हिमाचल को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई अनगिनत विकास की सौगातों के लिए आभार व्यक्त करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के विकास को गति दिलाने



में नड्डा जी का योगदान सदैव सराहनीय और स्मरणीय रहेगा। साथ ही, उन्होंने संगठन की कमान संभालने वाले नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भी भाजपा राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगी। नड्डा जी के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का उनका सफर और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का उनका परिश्रम पार्टी के हर कार्यकर्ता के लिए ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रति हृदय से आभार प्रकट किया।

## एम ए विश्वविद्यालय बददी में 7वां दीक्षांत समारोह संपन्न

जागो वर्ल्ड/बीबीएन / स्वास्तिक गौतम

एम ए विश्वविद्यालय बददी में 7 वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 375 स्नातक (यूजी) स्नातकोत्तर (पीजी) एवं पी.एच.डी. विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के न्यायाधीश विवेक ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में पहुंच अपने भाषण में इस बात पर बल दिया कि शिक्षा विद्यार्थियों को केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना से भी सशक्त बनाए। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें अपने भावी प्रयासों में नैतिक मूल्यों, पेशेवर ईमानदारी तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए तीव्र गति से बदलते वैश्विक परिवेश में निरंतर



सीखते रहने के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर, हाई कोर्ट हिमाचल प्रदेश ने अपने व्यावसायिक जीवन के अनुभव साझा कर स्नातकों को प्रेरित किया तथा समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रित, अनुशासित और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया। चांसलर नामित सुरेश गुप्ता ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन स्मरणीय एवं सार्थक बन गया।

## 5वा राम महोत्सव 22 जनवरी को बद्दी में, 2100 निमंत्रण पत्र बांटे गए करीब 11000 सनातनी आयेंगे



जागो वर्ल्ड/बीबीएन / स्वास्तिक गौतम

श्री राम सेना द्वारा भगवान श्रीराम महोत्सव 22 जनवरी वीरवार को बददी शहर के दशहरा ग्राउंड में विशाल सांस्कृति संध्या का आयोजन किया जा रहा है।पूरा शहर भगवान राम के रंग में डूब चुका है। पूरे शहर विशेषकर साई रोड को झंडों से सजाया व जगमगाती लड़ियों से सजाया गया है। इसको लेकर बददी बरोटी वाला नालागढ़ के राम भक्तों में काफी उत्साह है। हर को दुल्हन की तरह सजाया जा। चुका है। इस श्रीराम महोत्सव में भजन संध्या का आयोजन बददी शहर के दशहरा ग्राउंड में किया जाएगा, जहां 5 बजे से स्थानीय कलाकरों मंच संभाल लेंगे और एक से बढकर एक प्रस्तुति देकर पंडाल को राम माय बनाएंगे। शाम को 5 बजे से लेकर रात 12 बजे तक लोक कलाकर अपनी कला के रंग बिखेरेंगे। श्रीराम सेना के संयोजक राजेश जिंदल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि श्रीराम महोत्सव की भजन संध्या को लोकल फॉर वोकल का नाम दिया गया है। इस कार्यक्रम में देश के कई क्षेत्रों के कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर खूब रंग जमाएंगे। 5 वे श्रीराम महोत्सव में ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी, संत बलराम दास महाराज, कलाकार अनामिका अंबर दिल्ली, आलोक रंजन बॉम्बे भी पधार रहे हैं। श्री राम हनुमान ट्रस्ट की टीम ने मंगलवार को बीबीएनडीए की अतिरिक्त आयुक्त प्रिया नागटा को निमंत्रण दिया|

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज तारादेवी से मुद्रित। दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

## बैहल में फिर गूंजेगा अखाड़ा, 22-23 जनवरी को ऐतिहासिक छिंज मेला

जागो वर्ल्ड/ स्वारघाट / सुभाषचंदेल



बैहल क्षेत्र में हर वर्ष की भांति इस बार भी 22 व 23 जनवरी को प्रसिद्ध ऐतिहासिक छिंज (कुश्ती) मेला बड़े हर्षोल्लास व पारंपरिक श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाएगा। यह मेला प्राचीन काल से चला आ रहा है और लखदाता पीर बाबा को समर्पित है। छिंज मेले का शुभारंभ 21 जनवरी की सायं ढोल-नगाड़ों व टमक की गूंज के साथ किया जाएगा। इस दौरान पीर बाबा को चादर चढ़ाकर विधिवत रूप से मेले का आगाज होगा। यह दो दिवसीय छिंज मेला ग्राम पंचायत बैहल व कौडांवाला वाला तथा छिंज मेला कमेटी के सहयोग से प्रतिवर्ष भव्य स्तर पर आयोजित किया जाता है। आयोजन को लेकर पंचायत व मेला कमेटी द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में देश–विदेश के नामी पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। बड़ी माली का फाइनल मुकाबला अभिनायक ( उत्तर प्रदेश) व जलाल (ईरान) के बीच खेला जाएगा, जबकिछोटी माली रुबल खन्ना व रोशन ( किरलगढ़) के बीच होगी। इसके अलावा पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध अखाड़ों के पहलवान भी मेले में दमखम दिखाएंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। मेले में बच्चों के लिए झूले, मनोरंजन के साधन, विभिन्न दुकानों के साथ- साथ स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। वहीं श्रद्धालुओं व आगंतुकों के लिए भंडारे का विशेष आयोजन भी किया जाएगा। स्थानीय पंचायत प्रधान एवं छिंज मेला कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर व कर्मजीत कौर ने बताया कि बैहल का छिंज मेला हमारे बुजुर्गों की दी हुई अनमोल सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज भी पूरी आस्था और परंपरा के साथ निभाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों व कुश्ती प्रेमियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन की शोभा बढ़ाएं। साथ ही विश्वास जताया कि इस वर्ष का छिंज मेला पहले से भी अधिक भव्य व यादगार साबित होगा।

## कुल्लू में बसंत पंचमी से होगा फाग उत्सव का आगाज़, तैयारियां शुरू



जागो वर्ल्ड/ कुल्लू / प्रिया शर्मा

बसंत पंचमी के साथ ही घाटी में फाग और होली उत्सव का विधिवत शुभारंभ भी हो जाएगा। पर्व को लेकर तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं और मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। भगवान रघुनाथ के कारदार दानवेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया किबसंत पंचमी के दिन भगवान रघुनाथ जी को उनके अस्थायी शिविर की ओर ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग सुबह साढ़े 11 से 12 बजे के बीच भगवान रघुनाथ जी को रथ में विराजमान किया जाएगा और करीब साढ़े 12 बजे ऐतिहासिक ढालपुर रथ मैदान से रथ यात्रा शुरू होकर अस्थायी शिविर तक पहुंचेगी। अस्थायी शिविर पहुंचने के बाद भगवान रघुनाथ जी के ऊपर गुलाल अर्पित किया जाएगा और बैरागी मंत्र समुदाय द्वारा फाग के पारंपरिक गीत गाए जाएंगे। इसी के साथ कुल्लू में होली उत्सव की शुरुआत मानी जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाएगा और उसी दिन भगवान रघुनाथ जी को पुनः उनके मुख्य मंदिर में विराजमान किया जाएगा। वहीं रघुनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश किशोर ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन भगवान रघुनाथ जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन भगवान को बाहरी वस्त्रों के रूप में पीले रंग का पीतांबर पहनाया जाता है और विशेष अलंकरण के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। बसंत पंचमी के साथ ही कुल्लू में फाग और होली के रंगीन उत्सव की शुरुआत हो जाती है, जिसे स्थानीय लोग और श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाते हैं।

## टूटी सड़क के मुद्दे पर कंपनी और एसडीएम कार्यालय का घेराव

जागो वर्ल्ड/ सिरमौर / जीडी शर्मा



सिरमौर जिले में एनएच 707 निर्माण में पर शिल्ला के पास जानलेवा स्थिति बनी हुई है। यहां काम कर रही कंपनी की गलत कटिंग की वजह से टिटियाना रोड को खतरा पैदा हो गया है और यहां दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। यहां पिछले लगभग एक साल से यह स्थिति बनी हुई है मगर, कंपनियां विभाग और प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में मंगलवार को चार पंचायत के लोगों ने यहां धरना प्रदर्शन किया। साथ ही आरजीबी कंपनी और एसडीम ऑफिस का घेराव किया। यह सड़क टिटियाना, ठोंठा जाखल, बाइला मकड़ाना, कांडी क्याना और कोटा पाब पंचायतों के लगभग 30 गांवों को जोड़ती है। मगर, हालात देखिए, सड़क का लगभग 500 मीटर हिस्सा बुरी तरह से टूट चुका है। यहां से हर रोज सैकड़ो वाहनों में हजारों यात्री गुजरते हैं। हैरानी की बात है कि प्रशासन, मोर्थ और पीडब्ल्यूडी विभाग ने अभी तक इस हिस्से को ठीक करवाने को कोई कदम नहीं उठाया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनएच 707 के चौड़ीकरण का कार्य कर रही कंपनी की वजह से यहां बड़ी ढलान बन गई है। इस ढलान में सड़क का बड़ा हिस्सा समा गया है और सड़क पर बड़ी-बड़ी दरारें उभर आई हैं। ऐसे में यहां हमेशा दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। यहां पिछले लगभग 1 साल से यह हालात बने हुए हैं। मगर, प्रशासन और विभागों द्वारा इस खतरनाक हिस्से को ठीक नहीं करवाया है। लोगों की बार- बार मांग करने के बावजूद भी कुव्यवस्था को नहीं सुधर जा रहा है। लिहाजा, नाराज लोगों ने आज यहां क्षतिग्रस्त पॉइंट पर धरना प्रदर्शन किया। विभाग और कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके उपरांत लोगों ने आरजीबी कंपनी और एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। यहां लोगों ने कंपनी के कर्मचारियों और एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही प्रशासन और विभागों के अधिकारियों को खूब खरी खोटी सुनाई। इस दौरान विभिन्न पंचायत के प्रतिनिधियों ने एसडीएम के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार पीडब्ल्यूडी विभाग और मोर्थ सहित भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भी भेजा। ज्ञापन में लोगों ने सड़क के टूटे हिस्से को जल्द ठीक करवाने की मांग की है। साथ ही प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के भीतर यहां कार्य शुरू नहीं हुआ तो दर्जनों पंचायत के हजारों लोग अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगे और राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद कर देंगे। उधर स्थानीय एसडीएम ने प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि इस संबंध में जल्द कार्यवाही शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन सहित सभी जिम्मेदार विभागों विभागों की एक कमेटी गठित कर जल्द आगामी कार्यवाही शुरू की जाएगी।

## मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे ने कार्यभार ग्रहण किया

### अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ की बैठक दिये दिशा निर्देश

जागो वर्ल्ड / नैनीताल / ललितजोशी



सरोवर नगरी नैनीताल जिले के नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे द्वारा मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल के पद पर अपना विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। कार्यवाहक ग्रहण के उपरांत उन्होंने विकास भवन भीमताल स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी से उन्हें अवगत कराया। इससे पूर्व जनपद में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण पर विकास भवन भीमताल स्थित विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी द्वारा उन्हें ग्राम्य विकास विभाग सहित विकास से संबंधित विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया।

## दशहरा मैदान में आज वीरवार 22 जनवरी को सजेगा राम महोत्सव, भगवामय हुआ बद्दी

जागो वर्ल्ड/बीबीएन / स्वास्तिक गौतम




बद्दी में होने वाले 5 वें श्री राम महोत्सव समारोह के लिए शहर का पूरी तरह से भगवाकरण किया गया है । बस स्टेंड से लेकर फेस 3 दशहरा मैदान तक बाजार और कालोनियों को 11 हजार भगवा झंडियों के साथ सजाया गया है तथा पूरे शहर को दीवाली की लड़ियों से जगमग किया गया है। हर दुकान और मकान पर भगवा झंडा ही नजर आ रहा है। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर ऐसा प्रतीत होता है मानों दीवाली महोत्सव पूरा शहर मिलकर मना रहा हो। इस कार्यक्रम में लगभग ग्यारह से बारह हजार लोगों के पहुंचने की सम्भावना है जिसके लिए उचित प्रबंध किए गए हैं । तथा अलग अलग कमेटियों का गठन किया गया है। यह जानकारी देते हुए श्री राम सेना के प्रदेश संयोजक तथा राम हनुमान सेवा ट्रस्ट एवं अग्रवाल सभा बीबीएन के अध्यक्ष राजेश जिंदल ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि जगतगुरू महाब्रहम द्धषी कुमार स्वामी जी महाराज अपने मुखार्विन्द से आर्शिवचन देंगे, वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी अयोध्या धाम वाले महंत श्री श्री 1008 बलराम दास जी महाराज एवं बाबा श्रवण दास जी महाराज होंगे। महेश कौशल ने बताया कि इन पूज्य संतों का वीरवार सुबह 10 बजे लाज मोटर में स्वागत किया जाएगा। सुप्रसिद्ध कवित्रि अनामिका अंबर जैन राम की कविताओं से मचाएगी धमालराम महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र विश्व प्रसिद्ध कवयित्राी अनामिका अंबर जैन होंगी जोकि राम की कविताओं से राम भक्तों का मनोरंजन करेंगी। अनामिका की कवीताएं सुनने के लिए सैकड़ों किलामीटर से लोग दौड़े चले आते हैं वहीं लोक गायक कलाकर आलोक कुमार भी अपने मधुर भजनों से श्राताओं को रिझायेंगे। मंच संचालन सुप्रसिद्ध कलाकार रवि रंजन करेंगे। कार्यक्रम में बैठने के लिए वीआईपी ब्लाक सहित अलग अलग आफिसर ब्लाक बनाए गए हैं कार्यक्रम दोपहर बाद चार बजे शुरू होकर देर रात्रि बारह बजे तक चलेगा। सभी राम भक्तों के लिए श्री राम रसोई से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसके अलावा पर्यावरण अनुकूल रंग बिरंगी आतिश बाजी से पूरे आसमान में आतिशबाजी व फुलझड़ियों की बरसात की जाएगी।

## स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल

जागो वर्ल्ड/ चम्बा / काकूखान



चम्बा जिला में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल के तहत चमेंरा जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी ( C S R ) के माध्यम से पाँच अत्याधुनिक फुली ऑटोमेटिक बायोकेमेस्ट्री एनालाइज़र मशीनें स्थापित की गई हैं। इनमें से एक मशीन चम्बा मुख्यालय स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी में, जबकि शेष चार मशीनें सलूणी, डलहौजी, चुवाड़ी और तीसा क्षेत्रों में लगाई गई हैं। इन अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से एक साथ लगभग 40 ब्लड सैंपल और 50 से अधिक प्रकार की जांचें की जा सकती हैं, जिससे मरीजों को त्वरित और सटीक जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो सकेगी। इससे विशेष रूप से दूरदराज क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।आज रेड क्रॉस सोसाइटी, चम्बा के कार्यालय में उपायुक्त चम्बा मुकेश रेप्सवाल ने इस मशीन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर चमेंरा पावर स्टेशन के हेड ऑफ प्रोजेक्ट अजय श्रीवास सहित परियोजना के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने कहा कि चमेंरा जल विद्युत परियोजना जिला प्रशासन के साथ मिलकर लगातार C S R के माध्यम से चम्बा में विकास कार्यों में सहयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि इन पाँच फुली ऑटोमेटिक बायोकेमेस्ट्री एनालाइज़र मशीनों की सप्लाई एनएचपीसी के माध्यम से की गई है, जिनसे अब स्थानीय स्तर पर ही जांच और रिपोर्ट उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि भले ही सरकार द्वारा कृष्णा लैब के माध्यम से निःशुल्क जांच सेवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन दूरदराज क्षेत्रों से सैंपल लाने वाले मरीजों के लिए यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। वहीं चमेंरा जल विद्युत परियोजना के हेड ऑफ प्रोजेक्ट अजय श्रीवास ने बताया कि चमेंरा परियोजना के अंतर्गत कुल 32 पावर स्टेशन कार्यरत हैं और उनकी आय का लगभग दो प्रतिशत C S R के माध्यम से स्थानीय क्षेत्रों के विकास कार्यों पर खर्च किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब तक करीब 30 प्रतिशत CSR राशि केवल जिला चम्बा में ही विकास कार्यों पर व्यय की जा चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी चमेंरा जल विद्युत परियोजना जिला प्रशासन के साथ मिलकर जनहित में ऐसे अनेक विकास कार्य करती रहेगी। अजय श्रीवास, हेड ऑफ प्रोजेक्ट, चमेंरा पावर प्रोजेक्ट यह पहल न केवल जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती प्रदान करेगी, बल्कि आम जनता को समय पर और बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज़ तारादेवी से मुद्रित। दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

# चिट्टे अभियान को लेकर हिमाचल सरकार को घेरा ,पंचायत चुनाव पर बोले नेता प्रतिपक्ष, तीन दिवसीय दौरे पर काँगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे

जागो वर्ल्ड - धर्मशाला/ राकेश कुमार

जिला कांगड़ा एयरपोर्ट पर हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए य राम ठाकुर ने चिट्टे अभियान को लेकर हिमाचल सरकार को घेरा और कहा कि यह अभियान एक इवेंट की तरह कर रही है, सरकार धरातल पर नहीं हो रहा काम, उन्होंने कहा की कांग्रेस की आपसी कलह आ रही जनता के सामने ,पंचायत चुनावों को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला उनका आरोप है कि सरकार डिजास्टर एक्ट का बहाना बनाकर चुनाव टालने की कोशिश कर रही है इसी दौरान उन्होंने भाजपा के नव- नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बधाई भी दी नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो गांवों की जनता को अपने प्रतिनिधि चुनने



का अधिकार देती है उन्होंने कहा कि जनता अपने चुने हुए प्रतिनिधि के माध्यम से अपने मुद्दों को उठाना चाहती है, लेकिन सरकार इसमें बाधाएं खड़ी कर रही है उनका कहना है कि चुनाव समय पर और निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए, ताकि लोकतंत्र की वास्तविक भावना कायम रहे। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद हैं, लेकिन सरकार इन्हें समय पर कराने से बच रही थी जनता अपने प्रतिनिधि खुद चुनना चाहती है, मगर सरकार इसमें रुकावट डाल रही थी यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार डिजास्टर एक्ट का सहारा लेकर चुनाव टालने की कोशिश कर रही थी उन्होंने कहा कि यह केवल कानून का गलत इस्तेमाल नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने की योजना है उन्होंने कहा कि पंचायतों के प्रतिनिधियों को मजबूत अधिकार मिलने चाहिए, ताकि गांवों के विकास और लोगों की भागीदारी में तेजी आए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने तीन दिवसीय दौरे का विवरण भी साझ किया उन्होंने बताया कि वे नागरोटा बगवां, धर्मशाला, केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर, कुटेहड़, जम्मू और मंडी सहित कई जगहों पर पार्टी बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लेंगे उनका कहना है कि यह दौरा संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति के लिए बहुत अहम है उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं के साथ सीधे संवाद करना है हिमाचल के हर क्षेत्र में पार्टी को और सशक्त बनाया जाएगा हमारी प्राथमिकता है कि जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा के नव- नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ननितिन नवीन को बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेग उन्होंने विश्वास जताया कि नए अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संगठन और मजबूत होगा और प्रदेश एवं देश के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा

# गौसदनों के बेहतर संचालन और आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कांगड़ा जिला प्रशासन ने एक नई पहल



जागो वर्ल्ड - धर्मशाला/ राकेश कुमार

धर्मशाला के डीसी कार्यालय सभागार में उपायुक्त हेमराज बैरवा ने गौ सेवा नारायण सेवा पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से अब आम नागरिक गौसदनों के लिए आर्थिक सहयोग कर सकेंगे। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा जिले में 24 गौसदन और 4 गौ - अभ्यारण्य संचालित किए जा रहे हैं, जहां करीब 1802 बेसहारा गौवंश को आश्रय दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त धनराशि के खर्च का वार्षिक विवरण भी सार्वजनिक किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बनी रहे।उन्होंने आम लोगों से अपील की कि जा सके। उपायुक्त ने कहा कि बेसहारा गौवंश एक सामाजिक समस्या है और इसके समाधान के लिए सरकार के साथ- साथ समाज की भागीदारी भी जरूरी है। उपायुक्त हेमराज बैरवा गौ सेवा नारायण सेवा पोर्टल के माध्यम से आम लोग सीधे गौसेवा से जुड़ सकते हैं और खर्च का पूरा ब्यौरा पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार ने गौपाल योजना के तहत प्रति गौवंश प्रोत्साहन राशि को 700 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। इसके साथ ही नए गौसदनों और गौ-अभ्यारण्यों की स्थापना का कार्य भी जारी है।गौसदनों में बायोगैस प्लांट लगाने, नियमित पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और पशु तस्करी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। कार्यक्रम से पहले पशुपालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया

# कांग्रेस झूठ के सहारे सत्ता में आई, हिमाचल की 28 लाख महिलाओं से किया ऐतिहासिक धोखा : डेजी ठाकुर

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा मनाली विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं को 1500 रुपये देने की घोषणा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने झूठ का चोला ओढ़कर हिमाचल प्रदेश की 28 लाख महिलाओं को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज महा ठग मित्र मंडली पार्टी के रूप में सामने आ चुकी है, जिसने सत्ता प्राप्त करने के लिए महिलाओं की भावनाओं के साथ सबसे बड़ा राजनीतिक छल किया। डेजी ठाकुर ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के शीर्ष नेता— प्रियंका गांधी, राजीव शुक्ला और अलका लांबा— ने घर- घर जाकर यह गारंटी दी थी कि हिमाचल प्रदेश की



हर महिला को बिना किसी शर्त हर माह 1500 रुपये दिए जाएंगे। उस समय न आय सीमा की बात थी, न क्षेत्र की, न ही किसी तरह की पात्रता की शर्तें रखी गई थीं। लेकिन जैसे ही कांग्रेस सत्ता में आई ,यह वादा धुएं की तरह गायब हो गया।उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री केवल लगभग 80 हजार महिलाओं को 1500 रुपये देने की घोषणा कर रहे हैं, जबकि प्रदेश में महिलाओं की संख्या 28 लाख से अधिक है। यह न केवल महिलाओं के साथ भेदभाव है, बल्कि खुलेआम धोखाधड़ी भी है। मुख्यमंत्री जहां भी जाते हैं, उसी विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को भ्रमित कर अस्थायी घोषणाएं कर देते हैं, लेकिन पूरे प्रदेश की महिलाओं को उनका अधिकार आज भी नहीं मिल पाया है।डेजी ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार को बने लगभग तीन वर्ष हो चुके हैं, लेकिन महिलाएं आज भी अपने मुख्यमंत्री से 1500 रुपये का हिसाब मांग रही हैं। मुख्यमंत्री बार - बार यह कहते हैं कि योजना पर शर्तें हैं, जबकि चुनाव के समय स्पष्ट रूप से कहा गया था कि कोई शर्त नहीं होगी और हर महिला को 1500 रुपये मिलेंगे। यह कांग्रेस की दोहरी नीति और झूठे चरित्र को उजागर करता है।उन्होंने कहा कि अगर सही मायनों में गणना की जाए तो हिमाचल प्रदेश सरकार पर महिलाओं के प्रति लगभग 1500 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी बन चुकी है, जिसे कांग्रेस सरकार जानबूझकर नजर अंदाज कर रही है। यह देनदारी केवल आर्थिक नहीं, बल्कि महिलाओं के विश्वास, सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ी हुई है।भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के मनरेगा को लेकर दिए गए बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार और भाजपा पर झूठे आरोप लगा रही है। इस अन्याय को चुपचाप नहीं देखेगा। प्रदेश की महिलाएं अब कांग्रेस के झूठे वादों को पहचान चुकी हैं और आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से इस धोखे का करारा जवाब देंगी। कांग्रेस को यह समझ लेना चाहिए कि हिमाचल की महिलाएं अब केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि अपने अधिकारों से संतुष्ट होंगी।

# ऊंचे पहाड़ों में गूंजा क्रिकेट का रोमांच कोटगा टूर्नामेंट में कोडगा ने मारी बाज़ी




जागो वर्ल्ड -पांवटा साहिब/ जीडी शर्मा

युवक मंडल कोटगा की ओर से गांव कोटगा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का आज भव्य और रोमांचक समापन हुआ। 12 जनवरी से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कुल 64 टीमों ने भाग लिया। समापन अवसर पर कबड्डी एसोसिएशन जिला सिरमौर के अध्यक्ष कुलदीप राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गांव पहुंचने पर युवाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।समापन के दिन सुबह से ही सुपर- 8 में पहुंची टीमों के मुकाबले शुरू हो गए थे। पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और चौकों- छक्कों की बरसात से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। सिरमौर जिले की ऊंचाई पर स्थित कोटगा गांव में खेले गए फाइनल मुकाबले में कोडगा और पोका की टीमें आमने- सामने रहीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोडगा टीम ने 75 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में पोका टीम ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। शानदार प्रदर्शन के दम पर कोडगा टीम ने फाइनल मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।विजेता कोडगा टीम को एक लाख रुपये की इनामी राशि से सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट विकेटकीपर और मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रदान किए गए।आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए युवाओं द्वारा विशेष रूप से हाईटेक फास्ट पिच तैयार की गई थी, जिसमें स्पेशल मिट्टी का उपयोग किया गया ।फास्ट पिच के कारण बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को अपना हुनर दिखाने का भरपूर अवसर मिला ।युवक मंडल कोटगा ने स्पष्ट किया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को नशे से दूर रखना, खेलों के प्रति जागरूक करना और युवा एकता व भाईचारे को मजबूत करना है। सफल आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों ने युवक मंडल कोटगा की जमकर सराहना की।

# मोदी सरकार मनरेगा योजना को कमजोर करने का प्रयास कर रही :नीरज भारती




जागो वर्ल्ड -ज्वाली/ राजेश कन्नोरिया

ज्वाली ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आज जवाली में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व को ऑर्डिनेटर विजय इंद्र कर्ण ने किया, जबकि जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा और पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने विशेष रू से शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनुराग शर्मा और कोऑर्डिनेटर विजय इंद्र कर्ण ने कहा कि मनरेगा योजना का नाम किसी भी सूरत में बदलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब और मजदूर वर्ग के लिए जीवन रेखा है और इसके लिए कांग्रेस को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना का नाम बदलना चाहती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत हर गरीब परिवार को सौ दिन का रोजगार मिलता है, जिससे पंचायत स्तर पर विकास को गति मिली है। लेकिन अब मोदी सरकार इस योजना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जिससे गरीबों का रोजगार छीना जा रहा है।नीरज भारती ने कहा कि इस तानाशाही को सहन नहीं किया जाएगा और यह आंदोलन आगे चलकर बड़ा संग्राम बनेगा। के नाम और स्वरूप से किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं होने देगी।

# दो विश्वस्तरीय हाईटेक मशीनें, बिना खून निकाले सेकेंडों में पीलिया जांच, दूसरी मशीन से मात्र 2 मिनट में मिलेंगी कई जीवनरक्षक रिपोर्ट्स

जागो वर्ल्ड- सिरमौर/जीडी शर्मा

नन्हे जीवन के लिए बड़ी सौगात, यहां मेडिकल कॉलेज में बिना सुई होगी जांच, त्वरित रिपोर्ट होगी डॉक्टर के टेबल पर, लेबोरेटरी की नहीं जरूरतमिलीं दो विश्वस्तरीय हाईटेक मशीनें, बिना खून निकाले सेकेंडों में पीलिया जांच, दूसरी मशीन से मात्र 2 मिनट में मिलेंगी कई जीवनरक्षक रिपोर्ट्स imtro : हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और नया अध्याय जुड़ा है. डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन में नवजात एवं शिशु रोगियों के बेहतर इलाज के लिए दो अलग- अलग अत्याधुनिक, विश्व स्तर की हाईटेक मेडिकल मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं. इन मशीनों के माध्यम से अब न केवल जांच



प्रक्रिया बेहद आसान, तेज और सुरक्षित होगी, बल्कि गंभीर हालत में बच्चों की जान बचाने में भी अहम भूमिका निभाई जा सकेगी. एक मशीन से जहां सेकेंडों में पीलिया की जांच रिपोर्ट सामने होगी, तो वहीं दूसरी मशीन से मात्र 2 मिनट में कई जीवनरक्षक रिपोर्ट्स मिल जाएंगी, जिसके लिए किसी लेबोरेटरी की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी. यह सुविधा अब तक बड़े शहरों के अस्पतालों तक सीमित थी, लेकिन अब जिला मुख्यालय नाहन में भी यह अहम सुविधा उपलब्ध हो चुकी है. इससे मेडिकल कालेज के पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट की क्रिटिकल केयर क्षमता काफी मजबूत होगी मेडिकल कॉलेज नाहन में तैनात पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट (बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजिस्ट) डॉ पवन कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज नाहन को मिली पहली मशीन एडवांस्ड ट्रांसक्यूटेनियस बिलीरुबिनोमीटर है, जो नवजात बच्चों में पीलिया की जांच के लिए अत्यंत कारगर है. इस मशीन को सीधे बच्चे की त्वचा पर रखा जाता है और त्वचा के माध्यम से ही बिलीरुबिन की मात्रा का सटीक आकलन हो जाता है. अब पीलिया की जांच के लिए बच्चों का खून निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी. चंद सेकेंडों में रिपोर्ट उपलब्ध हो जाएगी, जिससे इलाज तुरंत शुरू किया जा सकेगा. यह मशीन पूरी दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड के रूप में जानी जाती है और अपनी एडवांस तकनीक के कारण आसपास के किसी भी अस्पताल में फिलहाल उपलब्ध नहीं है. इस मशीन की खास बात यह है कि बच्चे को सुई नहीं, दर्द नहीं, बल्कि उसकी सेकेंडों में पीलिया की जांच होगी..

# नीति आयोग के इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हिमाचल: मुकेश अग्निहोत्री

जागो वर्ल्ड - शिमला/ टीना ठाकुर




उप- मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज यहां राज्य परिवहन विकास एवं सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार परिवहन क्षेत्र में पारदर्शिता, डिजिटल सुधार, सड़क सुरक्षा, रोजगार सृजन और हरित मोबिलिटी को प्राथमिकता देकर निरंतर कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 से दिसंबर 2025 की अवधि में परिवहन विभाग ने 2,597.59 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछली सरकार की समान अवधि की तुलना में 1,098 करोड़ रुपये (लगभग 73 प्रतिशत) अधिक है। यह वृद्धि सुदृढ़ प्रवर्तन व्यवस्था और डिजिटल पहलों का प्रत्यक्ष परिणाम है।उप - मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग के इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स में हिमाचल प्रदेश का अग्रणी राज्यों में शामिल होना राज्य सरकार की हरित परिवहन और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार 'हरित हिमाचल' के संकल्प को पूरी दृढ़ता के साथ साकार करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।उन्होंने कहा कि वित्त विभाग की व्याख्यात्मक ज्ञापन वर्ष 2024 -25 के आंकड़े अनुसार परिवहन विभाग राजस्व/कर अर्जित करने के मामले में राज्य कर एवं आबकारी विभाग के बाद प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।उन्होंने कहा कि वाहन फिटनेस प्रणाली को वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाने के लिए स्वचालित वाहन परीक्षण केंद्र (एटीएस) स्थापित किए जा रहे है। सरकारी क्षेत्र में ऊना के हरोली और हमीरपुर के नादौन में इन केंद्रो का निर्माण किया जाऐगा, जबकि निजी क्षेत्र में कांगड़ा के रानीताल, बिलासपुर, मंडी के कांगू, सोलन के नालागढ़, सिरमौर के पांवटा साहिब में स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से रानीताल एटीएस का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है व शेष में कार्य तीव्रगति से चल रहा है। इसके अतिरिक्त बद्दी में निरीक्षण एवं प्रमाणन केंद्र का 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसे शीघ्र चालू करने का लक्ष्य है। परिवहन मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा वाहन फिटनेस एवं अन्य परिवहन सेवाओं को डिजिटल, पारदर्शी और नागरिक अनुकूल बनाने के लिए मोबाइल फिटनेस ऐप एवं ऑटो - अप्रूवल मैकेनिज्म लागू किए जाऐंगें। इसके तहत वाणिज्यिक वाहनों का डिजिटल फिटनेस परीक्षण फोटो एवं जीपीएस आधारित साक्ष्यों के साथ किया जाएगा तथा आवश्यक दस्तावेज पूर्ण होने पर परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस और फिटनेस प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं स्वतः स्वीकृत होंगी। उन्होंने कहा कि पेपरलेस कार्यप्रणाली से नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चि‍ित होंगी और इससे नागरिकों को आरटीओ कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 से सोलन के बनलगी और हमीरपुर के नादौन में दो पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां अब तक 1,692 पुराने वाहनों को वैज्ञानिक तरीके से स्क्रैप किया जा चुका है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। इसके अतिरिक्त ड्राइविंग टेस्ट प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए जिला ऊना के हरोली में 10.23 करोड़ रुपये की लागत से स्वचालित ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक एवं ट्रैफिक पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य इस वर्ष पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेट्रोल/ डीज़ल टैक्सियों को ई- टैक्सी में परिवर्तित करने पर 40 प्रतिशत सब्सिडी तथा 390 नए बस रूटों पर बस खरीद के लिए 30 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा, स्वरोजगार और हरित मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ई- टैक्सी योजना भी लागू की गई है। इसके तहत 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है और अब तक 96 लाभार्थियों को 6.94 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है।परिवहन मंत्री ने कहा कि विभाग मैनुअल प्रर्वतन से डिजिटल प्रवर्तन की ओर कदम बढ़ा रहा है जिसके तहत ई- चालान प्रणाली, ई- पहचान प्रणाली (ई-डिटेक्शन सिस्टम) और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लागू किए गए हैं, जिनके माध्यम से यातायात प्रवर्तन को फेसलेस एवं डिजिटल बनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि छठी से बारहवीं कक्षा तक सड़क सुरक्षा पाठयक्रम लागू किया गया है तथा सभी हितधारक विभाग जैसे लोक निर्माण, पुलिस, शिक्षा एवं स्वास्थय विभाग को कुल 2057.34 लाख रुपये सड़क सुरक्षा गतिविधियों के तहत आवंटित किए गए है, जिसके सकारात्मक परिणाम स्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत, मृत्यु दर में नौ प्रतिशत तथा गंभीर रूप से घायलों की संख्या में छह प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।परिवहन मंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन के क्षेत्र में 1,061 स्टेज कैरिज बस रूट निजी क्षेत्र को स्वीकृत किए गए हैं तथा 39,000 से अधिक टैक्सी/ मैक्सी परमिट जारी किए गए हैं, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।इस अवसर पर उन्होंने विभाग की एम फिटनेस ऐप का भी शुभारम्भ किया। यह ऐप डिजिटल फिटनेस निरीक्षण, फोटो और जीपीएस साक्ष्य, फर्जी प्रमाण- पत्रों की रोकथाम, कागज- रहित प्रक्रिया तथा रियल- टाइम डेटा समन्वयन को सुविधा जनक बनाता है। आयुक्त नीरज कुमार, आईजी ट्रैफिक गौरव सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# आपदाओं के लगातार बढ़ते खतरे के बीच, एक अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना हाईफ्लो-ऐप सक्रिय रूप से कार्यरत

जागो वर्ल्ड -कुल्लू /प्रिया शर्मा



कुल्लू में हाईफ्लो- ऐप परियोजना: हिमालयी बाढ़ जोखिम घटाने के लिए नया शोध हिमालयी क्षेत्रों में बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के लगातार बढ़ते खतरे के बीच, एक अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना हाईफ्लो- ऐप सक्रिय रूप से कार्यरत है।यह परियोजन यूनिवर्सिटी ऑफ कम्ब्रिया (यूके) के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली, गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान, यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लॉसेस्टरशायर, कारिटास इंडिया और क्लाइमेट बी वेंचर के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। हाईफ्लो- ऐप एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य कुल्लू जिले में ऐतिहासिक बाढ़ डेटा, नदी प्रवाह, वर्षा पैटर्न और जोखिम मानचित्रों को एकीकृत कर स्थानीय समुदायों, प्रशासन और नीति निर्माताओं को जलवायु जनित आपदाओं के प्रति सतर्क और सक्षम बनाना है। यह ऐप वैज्ञानिक शोध और स्थानीय ज्ञान को जोड़ते हुए डेटा -आधारित निर्णय प्रणाली को मजबूत करेगा। परियोजना के अंतर्गत स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएँ और सहभागी अनुसंधान गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इससे न केवल आपदा जोखिम न्यूनीकरण को बल मिलेगा, बल्कि हिमालयी क्षेत्रों में जलवायु अनुकूलन और सतत विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे। परियोजना से जुड़े विशेषज्ञों के अनुसार, हाईफ्लो-ऐप भविष्य में हिमालयी क्षेत्रों के लिए जलवायु- आधारित योजना निर्माण और नीति विकास का एक प्रभावी उपकरण सिद्ध होगा और भारत – ब्रिटेन के बीच शैक्षणिक एवं शोध सहयोग को भी नई मजबूती प्रदान करेगा। हाईफ्लो- ऐप परियोजना का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले जैसे हिमालयी संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ और जलवायु जनित आपदाओं के जोखिम को कम करेगी। यह परि योजना ऐति हासिक बाढ़ डेटा, जलवायु प्रवृत्तियों और स्थानीय ज्ञान को एक मंच पर लाकर समुदायों, प्रशासन और नीति निर्माताओं को समय पर सूचना और निर्णय समर्थन प्रदान करेगी। साथ ही, इसका लक्ष्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति स्थानीय स्तर पर अनुकूलन क्षमता को मजबूत करना है।

# राज्यसभा सांसद सिकंदर का कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोले मनरेगा में हुई धांधलियों को नए बिल से किया गया दूर



जागो वर्ल्ड- सिरमौर/जीडी शर्मा

राज्यसभा सांसद सिकंदर ने पांवटा साहिब पहुंचकर कांग्रेस सरकार पर तीखा और सीधा हमला बोला। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा के नाम पर व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार और धांधलियां की गईं, जिन्हें मौजूदा सरकार द्वारा लाए गए नए बिल के माध्यम से पूरी तरह खत्म किया गया है।राज्यसभा सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास केवल विरोध करने तक सीमित रह गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चाहे जनहित का फैसला हो या भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, कांग्रेस हर मुद्दे पर केवल राजनीति करती है।दरअसल, राज्यसभा सांसद सिकंदर आज पांवटा साहिब में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उनके आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी सहित भाजपा के दोनों मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में सांसद ने बताया कि आज पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी रणनीति, संगठन की मजबूती और जनहित से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। योजनाओं को भ्रष्टाचार - मुक्त बनाकर गरीब और मेहनतकश वर्ग तक उनका वास्तविक लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# फर्जी जॉब कार्ड पर लगाम, समय पर मजदूरी भुगतान और गांवों में टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती

जागो वर्ल्ड- सिरमौर/जीडी शर्मा





हिमाचल प्रदेश के सांसद सुरेश कश्यप ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में केंद्र सरकार द्वारा किए गए सुधारों को ग्रामीण भारत के लिए एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने वर्षों से ग्रामीण मजदूरों की आजीविका को सहारा दिया है । यह बात भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद ने मिडिया से विशेष बातचीत के दौरान कही । कश्यप ने कहा कि मनरेगा में किए गए व्यापक सुधारों से यह योजना और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बन गई है।सांसद सुरेश कश्यप ने बताया कि वर्ष 2005 में नरेगा के रूप में शुरू की गई इस योजना को 2006 में देशभर में लागू किया गया था। वर्ष 2009 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम जुड़ने के बाद यह योजना मनरेगा के नाम से जानी जाने लगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी "काम के बदले अनाज" जैसी योजनाएं देश में लागू रही हैं, जिनका उद्देश्य ग्रामीण और गरीब वर्ग को रोजगार उपलब्ध कराना था, लेकिन मनरेगा ने इस दिशा में एक मजबूत और कानूनी गारंटी वाला ढांचा प्रदान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनरेगा को ग्रामीण आजीविका मिशन और 'विकसित भारत' के विजन से जोड़ते हुए आगे बढ़ाया जा रहा है। केंद्र सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ें, पलायन रुके और मजदूरों को उनकी मेहनत का पूरा और समय पर पारिश्रमिक मिले। ुरेश कश्यप ने जानकारी दी कि पहले मनरेग के तहत 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इससे ग्रामीण मजदूरों को अधिक समय तक काम मिलेगा और उनकी आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मजदूरी भुगतान में होने वाली देरी को खत्म करने के लिए तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाए गए हैं।भ्रष्टाचार और अनियमि तताओं पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि मनरेगा में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कई अहम सुधार किए गए हैं। फर्जी जॉब कार्ड की समस्या को खत्म करने, लाभार्थियों की सही पहचान सुनिश्चित करने और तकनीक के माध्यम से निगरानी प्रणाली को मजबूत किया गया है, ताकि योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद मजदूरों तक ही पहुंचे। उन्होंने बताया कि अब मनरेगा के अंतर्गत केवल अस्थायी कार्यों के बजाय ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनसे गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण हो सके। इनमें जल संरक्षण, सिंचाई योजनाएं, ग्रामीण सड़कें, तालाब, नालियां और अन्य आधारभूत ढांचे शामिल हैं। इन कार्यों से एक ओर रोजगार सृजित होगा, वहीं दूसरी ओर गांवों के दीर्घकालीन विकास को भी गति मिलेगी। अंत में सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि मनरेगा में किए गए ये सुधार ग्रामीण मजदूरों के हित में हैं और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार का संकल्प है कि मनरेगा का प्रभावी क्रियान्वयन हो, जिससे ग्रामीण भारत आत्मनिर्भर बने और मजदूरों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल सके।

## अल्मोड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा ने दी बसंत पंचमी की शुभकामनाएं



जागो वर्ल्ड - उत्तराखंड/गोविन्द रावत

अल्मोड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, विद्या, कला और संस्कृति का प्रतीक है। यह पर्व जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और खुशहाली लेकर आता है। मां सरस्वती की कृपा से सभी के जीवन में ज्ञान, बुद्धि और समृद्धि का संचार हो, यही कामना है।जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा ने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व आपसी सद्भाव, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है तथा यह पर्व समाज को नई दिशा देने का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों के सुख, शांति और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शहीद हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया कोअंतिम विदाई, पूरे जनपद में शोक का माहौल

जागो वर्ल्ड - जम्मू-कश्मीर /नवीन पालटेन

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जनपद के सिंहपोरा क्षेत्र में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त स्पेशल फोर्सेज के हवलदार एवं बागेश्वर जनपद के कपकोट तहसील अंतर्गत बीथी निवासी गजेंद्र सिंह गढ़िया का पार्थिव शरीर मंगलवार को सैन्य हेलीकॉप्टर के माध्यम से उनके पैतृक क्षेत्र कपकोट पहुंचा। जैसे ही पार्थिव शरीर पीजी कॉलेज ग्राउंड लाया गया, पूरा परिसर "भारत माता की जय" और "शहीद गजेंद्र सिंह अमर रहें" के नारों से गूंज उठा। इस दौरान हर किसी आंख नम हो गई और पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। अंतिम संस्कार के दौरान 19 सिख रेजिमेंट की सेना टुकड़ी द्वारा शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सैन्य अधिकारियों ने शहीद के अदम्य साहस ,कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। शहीद का अंतिम संस्कार सरयू–खीरगंगा संगम पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। अंतिम विदाई के समय शहीद के पिता धन सिंह, माता चंद्रा देवी, पत्नी लीला देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं पूरे बीथी गांव सहित क्षेत्रवासियों ने गर्व और सम्मान के साथ अपने वीर सपूत को अंतिम सलामी दी। लोगों ने कहा कि शहीद



हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।इस अवसर पर पीएमजीएसवाई अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, पैरा लेफ्टिनेंट कर्नल हरी लुइस, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, उपजिलाधिकारी अनिल चनयाल, सैनिक कल्याण अधिकारी विजय मनराल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की ।पीएमजीएसवाई अनुश्रवण परिषद उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि शहीद गजेंद्र सिंह गढ़िया ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और देश सदैव उनके साहस व वीरता को याद रखेगा। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश शहीद परिवार के साथ खड़ा है और सरकार द्वारा शहीद के परिजनों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

## आठ दिवसीय उत्तरायणी मेले का रंगारंग समापन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

जागो वर्ल्ड - उत्तराखंड/गोविन्द रावत




ऐतिहासिक बाबा बागनाथ जी की पावन भूमि बागेश्वर में आयोजित उत्तरायणी कौतिक 2026 का आठ दिवसीय मेला भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह के अवसर पर पीएमजीएसवाई राज्य अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, बागेश्वर विधायक पार्वती दास, बागेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समापन समारोह के दौरान स्थानीय कलाकारों ने नए– नए लोकगीतों की प्रस्तुति के साथ झोड़ा, चांचरी एवं छपेली जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान दर्शक भी गीत– संगीत की धुनों पर झूमते नजर आए। उत्तरायणी मेले के सफल आयोजन में योगदान देने वाले स्थानीय कलाकारों, खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों एवं अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पीएमजीएसवाई राज्य अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तरायणी कौतिक जैसे पारंपरिक आयोजन उत्तराखंड की लोक कला, लोक संगीत, लोक नृत्य और सांस्कृतिक चेतना को संरक्षित करने के साथ- साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने नगर पालिका बागेश्वर द्वारा आयोजित इस भव्य मेले के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्यों, अधिकारियों , कर्मचारियों, कार्यकर्ताओं, मीडिया बंधुओं एवं समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बागेश्वर विधायक पार्वती दास ने कहा कि बागेश्वर की पहचान विश्व स्तर पर है। उत्तरायणी मेला ऐसा आयोजन है, जहां संस्कृति, व्यापार और राजनीति का संगम देखने को मिलता है। यह मेला हमारी लोक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ- साथ क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।वहीं नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि उत्तरायणी मेला बागेश्वर की सांस्कृतिक धरोहर है। नगर पालिका का प्रयास रहा कि मेले को सुव्यवस्थित , सुरक्षित और आकर्षक बनाया जाए, जिससे स्थानीय कलाकारों को मंच मिले और आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक बागेश्वर की संस्कृति से परिचित हो सकें। उन्होंने मेले को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। आठ दिवसीय उत्तरायणी कौतिक के समापन के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्साह और सांस्कृतिक गौरव का वातावरण देखने को मिला।

## हमीरपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चिट्टा तस्करी के दो मामलों में पति-पत्नी सहित सात गिरफ्तार

जागो वर्ल्ड -हमीरपुर/सुमित ठाकुर

हमीरपुर जिला में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हमीरपुर पुलिस ने दो अलग- अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में चिट्टा बरामद किया है। पुलिस की इन कार्रवाइयों से यह स्पष्ट है कि जिला पुलिस नशे के कारोबार पर पूरी सख्ती और प्रतिबद्धता के साथ शिकंजा कस रही है। हमीरपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि चिट्टा जैसे घातक नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। पुलिस का कहना है कि नशे की तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिला पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाने के इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।पहले मामले में थाना सदर हमीरपुर पुलिस ने प्रभावी सूचना तंत्र एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए वार्ड नंबर- 3 प्रतापनगर क्षेत्र में दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 39.78 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने मौके से पति- पत्नी सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजेश कुमार, ललित ठाकुर ,नरेश कुमार, आदित्य पंडित एवं अनु कुमारी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी चिट्टा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। इस संबंध में थाना सदर हमीरपुर में धारा 21 व 29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपियों के आपसी संबंधों तथा नशे की सप्लाई चैन की भी गहराई से पड़ताल कर रही है।वहीं दूसरे मामले में भी हमीरपुर पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया। थाना सदर हमीरपुर पुलिस ने भोटा क्षेत्र में नियमित सतर्कता के दौरान बाइक सवार दो युवकों को जांच



के लिए रोका। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 13.83 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुखविन्दर सिंह पुत्र रमेश चन्द निवासी गोंदपुर, तहसील हरोली, जिला ऊना तथा साहिल पुत्र बांकु राम निवासी पत्थल्यार, तहसील बड़सर , जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। इस मामले में भी धारा 21 व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। वहीं एसपी हमीरपुर बलबीर ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि हमीरपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो अलग- अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई भोटा क्षेत्र के पास पुलिस ने बाइक सवार युवकों को जांच के दौरान रोका, जिनके कब्जे से 13.83 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। वहीं प्रतापनगर क्षेत्र में राजेश कुमार उर्फ राका के घर पर छापेमारी कर पुलिस ने पांच लोगों के साथ एक पति- पत्नी को भी चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि दोनों ही मामलों में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 व 29 के तहत मामले दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उनसे पूछताछ के साथ आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## जिला परिषद हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक आयोजित, लंबित कार्यों पर हुई चर्चा

जागो वर्ल्ड -हमीरपुर/सुमित ठाकुर

जिला परिषद हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक का आयोजन जिला परिषद कार्यालय के सभागार में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद चेयरमैन बबली देवी ने की। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीसी) अभिषेक गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष नरेश कुमार, जिला परिषद के सभी सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। त्रैमासिक बैठक के दौरान पिछले कई महीनों से लंबित पड़े कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और बीते पांच वर्षों में जिला परिषद के माध्यम से कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए संबंधित विभागों से प्रगति रिपोर्ट भी मांगी गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला परिषद चेयरमैन बबली देवी ने कहा कि रविवार



के दिन जिले के कई क्षेत्रों में बस सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पाती हैं, जिससे आम जनता, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर एचआरटीसी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि रविवार के दिन भी बस सेवाएं नियमित रूप से चलाई जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही जिला कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाली पेंशन योजनाओं की अदायगी में हो रही देरी का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठाया गया।अधिकारियों ने जानकारी दी कि कई लाभार्थियों की केवाईसी पूरी न होने । के कारण भुगतान में समस्या उत्पन्न हो रही है। चेयरमैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों की केवाईसी शीघ्र पूरी करवाई जाए, ताकि पेंशन का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिला परिषद का कुछ फंड पंचायतों के पास अभी भी शेष है, जिसे जनहित के कार्यों के लिए जल्द से जल्द खर्च किया जाना आवश्यक है। बैठक में विभिन्न विभागों को लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए

## संगड़ाह वायरल वीडियो केस: संक्षेप सारांश

जागो वर्ल्ड -सिरमौर/जीडी शर्मा

संगड़ाह क्षेत्र से वायरल हुए वीडियो में एक कथित साधु के साथ मारपीट और उसकी दाढ़ी व जटाएं जबरन काटने का आरोप लगा था। मामले में दोनों पक्षों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर क्रॉस एफआईआर भी दर्ज होने की बात सामने आई। अब इस प्रकरण में पंचायत प्रतिनिधियों और वरिष्ठ ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। जानकारी के अनुसार गांव के प्रधान व अन्य लोगों ने कथित साधु से सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी। वहीं साधु ने कार्यवाहक



पंचायत प्रधान एवं कांग्रेस नेता सतपाल तोमर और साथियों पर शिकायत दर्ज करवाने की बात कही है और इसे सनातन का अपमान बताया। दूसरी तरफ सतपाल तोमर का कहना है कि साधु शराब पीकर हुड़दंग कर रहा था , इसलिए उसे पकड़ा गया और समझौता हो चुका है । थाना प्रभारी के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायतों पर जांच जारी है।

## "हिमाचल यूनिवर्सिटी और IIT रोपड़ का बड़ा प्रोजेक्ट"

जागो वर्ल्ड - शिमला/टीना ठाकुर

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। IIT रोपड़ के डायरेक्टर ने बताया कि उनके संस्थान और केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल के बीच चल रही सहयोगात्मक परियोजनाओं के तहत कुल 100 करोड़ रुपये की नई ग्रांट मिली है, जिसमें से 11 करोड़ रुपये का योगदान हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का है।इस परियोजना के तहत उच्च स्तरीय रिसर्च प्रोग्राम और अत्याधुनिक उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रोजेक्ट में पीएचडी विद्यार्थी, फैकल्टी और स्टाफ मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा एक



नया सेंटर "सेंटर फॉर सोफिस्टिकेटेड इंस्ट्रूमेंट" भी स्थापित किया जा रहा है, जिसे आसपास की यूनिवर्सिटीज़ और इंडस्ट्रीज रिसर्च के लिए उपयोग कर सकेंगी।आईआईटी रोपड़ के डायरेक्टर ने कहा कि इस तरह की कोलैबोरेशन से किसी भी विश्वविद्यालय को तेजी से विकास करने में मदद मिलती है और केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश देश के टॉप 10 अग्रणी विश्वविद्यालयों में शामिल होने की दिशा में अग्रसर है।वीओ : केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर IIT रोपड़ के डायरेक्टर ने एक बड़ी घोषणा की। IIT और विश्वविद्यालय के सहयोग से 100 करोड़ रुपये की नई रिसर्च ग्रांट मिली है, जिसमें 11 करोड़ का योगदान केंद्रीय विश्वविद्यालय का है। इस परियोजना में पीएचडी छात्र, फैकल्टी और स्टाफ रिसर्च में काम करेंगे। साथ ही, एक नया सेंटर फॉर सोफिस्टिकेटेड इंस्ट्रूमेंट स्थापित किया जाएगा, जिसका उपयोग आसपास की यूनिवर्सिटीज़ और इंडस्ट्री भी कर सकेंगी।

## "केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस—उपलब्धियों की समीक्षा"

जागो वर्ल्ड - शिमला/टीना ठाकुर

किसी भी विश्वविद्यालय के लिए उसका स्थापना दिवस एक ऐतिहासिक अवसर होता है और केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के लिए यह दिन विशेष महत्व रखता है। बीते वर्षों में विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिनकी चर्चा आज पूरे शिक्षा जगत में हो रही है। स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय न केवल अपनी अब तक की प्रगति का आत्ममूल्यांकन करता है, बल्कि भविष्य की दिशा और विकास के मार्ग पर भी मंथन करता है। इस अवसर पर बतौर चांसलर, उन्होंने कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर बांसल को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता में विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हिमाचल का यह संस्थान एक उल्लेखनीय स्थान पर पहुँचा है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं प्रदेशवासियों को भी शुभकामनाएँ दीं और कहा कि सभी की मेहनत और समर्पण का परिणाम आज एक सकारात्मक और सुखद शैक्षणिक वातावरण के रूप में सामने आया है। वीओ : केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के लिए स्थापना दिवस एक ऐतिहासिक अवसर है। इस मौके पर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई शैक्षणिक उपलब्धियों की समीक्षा की गई और भविष्य की दिशा पर मंथन किया गया। चांसलर ने कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर बांसल को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रदेशवासियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# कुटलैहड़ में 30 वर्षों पुराने विवाद का समाधान,धमांद्री,डड़वाड़ा पक्के रास्ते का निर्माण शुरू, विधायक विवेक शर्मा की पहल से सैकड़ों परिवारों को मिलेगा लाभ

जागो वर्ल्ड -बंगाणा /जोगिन्दर देव आर्य



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित पड़े विकास कार्यों को धरातल पर उतारने की दिशा में विधायक विवेक शर्मा लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में लगभग 3 0 वर्षों से भूमि विवाद के कारण अटका पड़ा धमांद्री से डड़ वाड़ा मार्ग अब निर्माण की राह पर आ गया है। इस पक्के रास्ते के निर्माण कार्य के शुरू होने से क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और वर्षों से चली आ रही एक बड़ी समस्या का समाधान होगा। स्थानीय लोगों के अनुसार धमांद्री– डड़वाड़ा मार्ग लंबे समय से विवादों में उलझा हुआ था , जिस कारण यहां पक्के रास्ते का निर्माण नहीं हो पा रहा था। ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, खासकर बरसात के मौसम में यह रास्ता लगभग बंद हो जाता था। विधायक विवेक शर्मा ने इस जटिल भूमि विवाद को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन और प्रभावित पक्षों के साथ संवाद स्थापित किया और आपसी सहमति के माध्यम से विवाद का समाधान करवाया। इसके बाद मार्ग निर्माण का कार्य विधिवत रूप से शुरू हो सका। स्थानीय जनता का कहना है कि यह पहला मौका नहीं है जब विधायक विवेक शर्मा ने ऐसे किसी पुराने और जटिल मामला सुलझाया हो। इससे पहले भी कुटलैहड़ क्षेत्र में सैकड़ों ऐसी सड़कें और रास्ते थे, जो वर्षों से भूमि विवादों के कारण नहीं बन पा रहे थे। विधायक विवेक शर्मा ने इन सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाते हुए विकास कार्यों को गति दी है, जिससे क्षेत्र के दूर- दराज के गांवों को भी बुनियादी सुविधाएं मिलनी शुरू हुई हैं। इस अवसर पर कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, दिनेश खत्री, सुदेश शर्मा सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे कुटलैहड़ की जनता को अपना परिवार मानकर काम कर रहे हैं और हर व्यक्ति की हर समस्या को व्यक्तिगत समस्या समझ कर उसका समाधान करने का प्रयास करते हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। वे केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि जमीनी स्तर पर समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने में विश्वास रखते हैं। यही कारण है कि कुटलैहड़ की जनता उन्हें अपना भाई और बेटा मानकर भरपूर मान- सम्मान दे रही है।उन्होंने यह भी कहा कि विधायक विवेक शर्मा की बढ़ती लोक प्रियता कुछ विपक्षी दलों को रास नहीं आ रही है। इसी कारण वे रोजाना बेतुकी बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कुटलैहड़ की जनता सब कुछ देख और समझ रही है और ऐसे प्रयासों का उचित जवाब समय आने पर देगी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि धमांद्री डड़वाड़ा मार्ग के पक्का हो जाने से बच्चों की पढ़ाई, किसानों की उपज को बाजार तक पहुंचाने, बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने और रोजमर्रा के आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। यह रास्ता केवल एक सड़क नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और खुशहाली का प्रतीक बनेगा। कुटलैहड़ की जनता मेरा परिवार ,उनकी सेवा करना मेरा अधिकारी ,विवेक शर्मा कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता मेरा परिवार है और परिवार की सेवा करना मेरा अधिकार ही नहीं, बल्कि मेरा कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें नेतृत्व करने का मौका दिया है और वे हर समय जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य केवल सड़कों का निर्माण नहीं, बल्कि कुटलैहड़ के हर गांव, हर व्यक्ति के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में विकास कार्यों को किसी भी सूरत में रुकने नहीं दिया जाएगा। चाहे मामला सड़क का हो, पानी, बिजली, स्वास्थ्य या शिक्षा का— हर क्षेत्र में समान रूप से काम किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में और भी कई वर्षों से लंबित परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा। स्थानीय जनता और कांग्रेस नेताओं ने विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि ही लोकतंत्र की असली ताकत होते हैं, जो जनता के बीच रहकर, उनकी समस्याओं को समझकर और उनका समाधान करके विश्वास की राजनीति को मजबूत करते हैं। धमांद्री– डड़वाड़ा मार्ग का निर्माण कार्य कुटलैहड़ में विकास की उसी मजबूत नींव का एक और उदाहरण है।

# पांडवों द्वारा निर्मित चमुक्खा मंदिर के जीर्णोद्वार के लिए आगे आएं दानी सज्जन,अभी तक पांच लाख का दान हुआ इक्कठा

जागो वर्ल्ड -बंगाणा /जोगिन्दर देव आर्य

कुटलैहड़ विस क्षेत्र की सोलहसिंगी धार में स्थित द्वापर कालीन पांडवों द्वारा निर्मित प्राचीन चामुक्खा मंदिर के जीर्णोद्वार का कार्य विधिवत रूप से शुरू हो गया है। इस पावन कार्य की नींव कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने रखी। मंदिर परिसर में पूजा- अर्चना के उपरांत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया ,जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। बताया गया कि बीते समय में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान चामुक्खा मंदिर को भारी नुकसान पहुंचा था। मंदिर की दीवारें, ढांचा और आसपास का परिसर काफी



हद तक क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेक भी चिंताएं बनी हुई थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए अब मंदिर के जीर्णोद्वार का कार्य आपदा-रोधी तकनीक से किया जा रहा है, निर्माण में सरिया डालकर मजबूत डंगे लगाए जाएंगे, ताकि भविष्य में किसी भी आपदा से मंदिर को सुरक्षित रखा जा सके।पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बताया कि जीर्णोद्वार के तहत मंदिर परिसर में एक बड़ा हॉल भी बनाया जाएगा, जिससे धार्मिक आयोजनों, भंडारों और विशेष पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। इस पूरे निर्माण कार्य पर लगभग 20 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। उन्होंने जानकारी दी कि मंदिर निर्माण के लिए दानी सज्जनों के सहयोग से अब तक करीब पांच लाख रुपये एकत्रित हो चुके हैं।इस मंदिर के भक्त अभय सिंह राणा, रिशु बनियाल ब अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने मंदिर निर्माण के लिए व्यक्तिगत रूप से 51,000 रुपये की राशि तथा 2000 फीट क्रेशर सामग्री प्रदान की है, जिसके लिए सभी श्रद्धालु उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि दविंदर कुमार भुट्टो लंबे समय से क्षेत्र के धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि चामुक्खा मंदिर पांडवों द्वारा निर्मित एक ऐतिहासिक और आस्था का प्रतीक स्थल है। यह मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत भी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों और दानी सज्जनों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़- चढ़कर सहयोग करें, ताकि मंदिर का निर्माण कार्य शीघ्र और भव्य रूप से पूरा किया जा सके। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि महापर्व शिवरात्रि तक मंदिर परिसर में कुछ विशेष और अलग कार्य किए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को एक नई अनुभूति मिल सके। उन्होंने कहा, “जितना जिससे बन सके, वह मंदिर निर्माण के लिए दान करे। कार्य शुरू हो चुका है और हमें विश्वास है कि जल्द ही सोलहसिंगी धार के चामुक्खा मंदिर नए स्वरूप में श्रद्धालुओं के सामने होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर के शीघ्र निर्माण और क्षेत्र की सुख- समृद्धि की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

# कुटलैहड़ के झलेड़ा में आधे अधूरे मुख्यमंत्री लोक भवन के उद्घाटन पर पूर्व विधायक दविंदर भुट्टो ने मौजूदा विधायक पर साधा तीखा निशाना

जागो वर्ल्ड -बंगाणा /जोगिन्दर देव आर्य

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत झलेड़ा में बनाए गए मुख्यमंत्री लोक भवन को लेकर सियासत गरमा गई है। कुटलैहड भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने मौजूदा विधायक पर तीखा हमला बोलते हुए अधूरे भवन के उद्घाटन को जनता के साथ मजाक करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह भवन पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल के दौरान स्वीकृत हुआ था, और उसी सरकार में राशि स्वीकृत हुई थी। लेकिन आज तक इसका निर्माण कार्य पूरी तरह से पूरा नहीं हो पाया है। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री



लोक भवन के निर्माण के लिए आवश्यक बजट जयराम ठाकुर सरकार के समय स्वीकृत किया गया था,लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि अभी तक न तो भवन का कार्य पूरा हुआ है और न ही उसमें खिड़कियां, दरवाजे और अन्य बुनियादी सुविधाएं लगाई गई हैं। इसके बावजूद कुटलैहड़ के विधायक ने आधे- अधूरे भवन का उद्घाटन कर दिया, जो पूरी तरह से अनुचित है। दविंदर कुमार भुट्टो ने सवाल उठाया कि मौजूदा विधायक अपने पौने दो वर्ष के कार्यकाल में यह बताएं कि उन्होंने कुटलैहड क्षेत्र के लिए कितने नए भवनों विकास कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत करवाई है। दविंदर भुट्टो ने कहा कि विधायक महोदय मुख्यमंत्री लोक भवन के लिए खिड़कियां, दरवाजे, फर्नीचर और अन्य आवश्यक सुविधाओं हेतु मुख्यमंत्री से राशि तक स्वीकृत नहीं करवा सके और केवल अधूरे भवन का उद्घाटन कर फोटो खिंचवाकर चले गए। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने इस कदम को नालायकी की पराकाष्ठा बताते हुए कहा कि इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति और क्या हो सकती है, जब जनता के लिए बनाए जाने वाले भवन को बिना पूरी तैयारी के उद्घाटित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे कदमों से साफ झलकता है कि मौजूदा विधायक को क्षेत्र की जनता की वास्तविक समस्याओं और जरूरतों से कोई सरोकार नहीं है। दविंदर भुट्टो ने कहा कि अब कुटलैहड़ की जनता सब कुछ देख रही है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री साहब उपचुनावों के दौरान स्वयं को कुटलैहड़ का विधायक बताते थे, उन्होंने कुटलैहड़ क्षेत्र की जनता के लिए आखिर क्या किया, यह भी जनता भली -भांति समझ रही है। लोक भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए और उसमें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि जनता को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता अब झूठे दावों और अधूरे कार्यों से ऊब चुकी है और आने वाले समय में सच्चाई के आधार पर ही अपना फैसला करेगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ जिला भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूरम सिंह कुटलैहड़ भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष एवं वीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया सहित रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर कुलदीप शर्मा मौजूद रहे।